प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 23.09.23

थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण कर 02 शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाईल व लूटी गई मोटर साईकिल बरामद।

दिनांक 22.09.2023 को थाना लोनी बोर्डर पर वादी रजनेश चन्द्र शाक्य पुत्र श्री राम किशन निवासी मंगल बाजार पूजा कालौनी थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद से एसबीआई बैंकबलराम नगर के पहले मैन रोड़ पर रास्ते में खडे 02 अज्ञात लड़को द्वारा वादी की मोटर साईकिल रोककर डरा धमकाकर उससे मोटर साईकिल व मोबाइल छीन कर ले जाने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया था।

आज दिनांक 23.09.23 को थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटैज, सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की मदद से उक्त घटना का सफल अनावरण कर चेकिंग के दौरान घटना कारित करने वाले अभियुक्त 1.राहुल पुत्र अशोक नि0 फेस 4त गली न0 4, शिव विहार थाना करावल नगर दिल्ली, 2. रोहन पुत्र रकम सिंह नि0 ग्राम सादुल्लाबाद थाना अंकुर विहार गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटा गया सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल व लूटी गई मोटर साइकिल पेशन प्रो बरामद। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि यह मोटर साईकिल व मोबाइल हमने कल रात ही एसबीआई बैंक के पास मैन रोड से एक व्यक्ति से छीने थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1.राहुल पुत्र अशोक नि0 फेस 4, गली न0 4, शिव विहार थाना करावल नगर दिल्ली उम्र 21 वर्ष,

2.रोहन पुत्र रकम सिंह नि0 ग्राम सादुल्लाबाद थाना अंकुर विहार गा0बाद उम्र 27 वर्ष,

बरामदगी का विवरण -

- लूटा गया सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल
- लूटी गई मोटर साइकिल पेशन प्रो

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्तों के विरुद्ध थाना लोनी बोर्डर पर लूट के 02 अभियोग पंजीकृत है,

गिरफ्तार करने वाली टीम –

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम

थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद

दिनांक 22.09.23 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त मोहित उर्फ रिंकू पुत्र शोकेन्द्र निवासी ग्राम रोरी थाना मोदीनगर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर से चोरी हुई मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे बरामद हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मोटर साइकिल अपाचे कुछ समय पहले सस्ते दाम में मिलने की वजह से एक राहगीर से खरीदी थी।

नाम व पता अभियुक्त-

मोहित उर्फ रिंकू पुत्र शोकेन्द्र निवासी ग्राम रोरी थाना मोदीनगर गाजियाबाद

बरामदगी का विवरण-

चोरी की मोटर साइकिल अपाचे (सम्बन्धित थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना मोदीनगर पुलिस टीम।

थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा जानलेवा हमले के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 06.09.23 को थाना लोनी बोर्डर पर वादी मोहित पुत्र मुकेश पांचाल निवासी मैन पाईप लाईन रोड प्रेम नगर बेहटा हाजीपुर गाजियाबाद द्वारा उसके भाई रोहित कुमार के विपक्षीगण द्वारा तमचे की बट्ट से जान मारने की नियत हमला करने व लोहे की राड व डंडे से वार करने के सम्बन्ध प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था।

आज दिनांक 23.09.23 को थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण 1. मोहित पुत्र नरेन्द्र नि0 पाईप लाइन रोड़ राहुल गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद, 2. सचिन पुत्र कालीचरण नि0 पाइप लाइन रोड़ राहुल गार्डन थाना लोनी बोर्डर गा0बाद को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1.मोहित पुत्र नरेन्द्र नि0 पाईप लाइन रोड़ राहुल गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद,

2. सचिन पुत्र कालीचरण नि0 पाइप लाइन रोड़ राहुल गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम –

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम।

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा धोखाधडी के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 10.08.2023 को थाना ट्रोनिका सिटी पर मुकदमा वादी सरताज पुत्र डालचन्द निवासी शिव वाटिका परगना व तहसील लोनी गाजियाबाद के साथ प्लाट के नाम पर धोखाधडी करने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।
आज दिनांक 23.09.2023 को थाना ट्रोनिकासिटी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त इमरान अहमद पुत्र इकबाल अहमद नि0 L-93 सुन्दर नगरी थाना नन्द नगरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

इमरान अहमद पुत्र इकबाल अहमद नि0 L-93 सुन्दर नगरी थाना नन्द नगरी दिल्ली उम्र 38 वर्ष,

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त के विरुद्ध धोखाधडी के 02 अभियोग पंजीकृत है,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।

क्राईम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा महिलाओं / बुजुर्गो को अपनी बातों में फसाँकर सम्मोहित कर धोखाधडी कर उनके आभूषण व नगदी ले जाने वाले गिरोह के 04 शातिर सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से सोने के आभूषण, नगदी, घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिलें व अन्य सामान बरामद

दिनाँक-23/09/2023 को क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, बिहार, दिल्ली एनसीआर में महिलाओं / बुजुर्गो को अपनी बातों मे फसाँकर सम्मोहित कर धोखाधडी से उनके आभूषण व नगदी ले जाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 04 शातिर सक्रिय सदस्यो को थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना इन्दिरापुरम, विजय नगर, मोदीनगर, नन्दग्राम की घटनाओं से सम्बन्धित सोने के आभूषण, नगदी, घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिलें व अन्य सामान बरामद हुआ है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगणो से पूछताछ पर अभियुक्त आबिद ने बताया कि मैं अनपढ हूँ व जाति से कलन्दर हूँ तथा शादी बारात मे घोडी बग्गी चलाने का काम करता हूँ, अभियुक्त सैफ अली ने बताया की मैं जाति से फकीर हूँ व 12वीं पास हूँ नग बेचने का काम करता हूँ, अभियुक्त खालिक ने बताया कि मै जाति से फकीर हूँ 5वीं पास हूँ तथा नाई की दुकान पर काम करता हूँ, अभियुक्त फुरकान ने बताया कि मैं जाति से फकीर हूँ 12वी पास हूँ।अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जिसमे इन लोगो के अलावा युसुफ उर्फ मोटा, खुर्शीद, आमिर उर्फ कल्लू, बादशाह खान मेरठ के व गुलरभोज उत्तराखण्ड का शहजाद है। हम लोग भोली भाली महिलाओं / बुजुर्गो को जो अकेले घूमते हुए मिलते है को अपनी बातों मे बहला फुसलाकर सम्मोहित कर उनकी ग्रह दशा खराब बताकर धोखे से उनके जेवर उतरवा लेते है और उसके बदले नकली जेवर या नकली नग देकर असली जेवर लेकर भाग जाते। कभी-कभी ग्रह नक्षत्र खराब होने का बताकर ग्रह दशा सही करने के लिए ताँबे के कटोरे में नग रखकर एक लकडी की मूसली को उसके किनारे-किनारे घुमाते है और अपनी टेक्नीक से नग को कम्पन्न कराते है जिससे वह कटोरे मे आवाज करने लगता है तो हम लोग कह देते है कि ये नग आपके ग्रह के हिसाब से बिल्कुल सही है ये आपके ग्रह सही कर देगा जिससे आपकी सभी परेशानियाँ दूर हो जाएगी और उनको सम्मोहित कर उनके जेवरात उतरवा लेते है और वहाँ से भाग जाते है उस शहर को तुरन्त छोड देते है। जब हम लोग यह काम करते है उसी बीच मे हमारे दूसरे साथी आकर उन नगों को असली बताते और हमें पैसे देककर मँहगे दामो मे ले जाते है जिससे सामने वाले महिला / बुजुर्ग को यकीन हो जाता है कि हमारे नग सही है। हंम लोग घटना करने के लिए मोटर साईकिलों से टोलियों मे निकलते है। हम लोग ठगी का माल गुलरभोज उत्तराखण्ड के हमारे सरगना जलालुद्दीन, असगर व पाथीराम को देते है और जो भी पैसा मिलता है हम लोग आपस मे बराबर-बराबर बाँट लेते है। हम लोग यह काम काफी समय से कर रहे हैं।

अभियुक्तगण काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा उत्तर प्रदेश मे गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद, फतेहपुर, मिर्जापुर, बस्ती व बिहार, झारखण्ड, हरियाणा, मध्य प्रदेश तथा दिल्ली एन.सी.आर. व आस-पास के राज्यों में ठगी कर जेवर उतरवाने की कई

वारदातों को अंजाम दिया गया है। अभियुक्तों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1.आबिद पुत्र शेर अली निवासी ग्राम आसिफाबाद थाना किला परिक्षतगढ जनपद मेरठ उम्र 22 वर्ष
2.सैफ अली पुत्र मोहम्मदीन निवासी ग्राम कोपा ठण्डा नाला गुलरभोज थाना गदरपुर जनपद उधमसिह नगर उत्तराखण्ड 21 वर्ष
3.खालिक पुत्र लियाकत अली निवासी ग्राम कोपा ठण्डा नाला गुलरभोज थाना गदरपुर जनपद उधमसिह नगर उत्तराखण्ड उम्र 26 वर्ष
4.फुरकान पुत्र जाफर अली निवासी ग्राम कोपा ठण्डा नाला गुलरभोज थाना गदरपुर जनपद उधमसिह नगर उत्तराखण्ड उम्र 20 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1.चैन पीली धातु – 02 (थाना इन्दिरापुरम की घटनाओं से सम्बन्धित)
2.इयर टॉप्स पीली धातु – 04 जोडी (थाना इन्दिरापुरम, विजयनगर, नन्दग्राम की घटनाओं से सम्बन्धित)
3.अँगूठी पीली धातु- 01 (थाना इन्दिरापुरम की घटना से सम्बन्धित)
4.लोकेट पीली धातु – 01 (थाना नन्दग्राम की घटना से सम्बन्धित)
5.कान की बाली पीली धातु- 06 जोडी (01 जोडी थाना इन्दिरापुरम की घटना से सम्बन्धित)
6.चूडियाँ पीली धातु (मुडी हुई)- 04 (थाना इन्दिरापुरम की घटना से सम्बन्धित)
7.मोती बूँदे पीली धातु – 06
8.नगदी – रू0 38,000/- (थाना इन्दिरापुरम, मोदीनगर की घटनाओं से सम्बन्धित)
9.कटोरा ताँबे का- 01
10.छोटी मूसली लकडी की- 01
11.छोटी बडी गोल डिब्बी जिनमें रग बिरंगे फर्जी नग भरे है- 53
12.घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल सीडी डीलैक्स रजिस्ट्रेशन नम्बर- यूपी 15 डीवी 5951
13.घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल होण्डा शाइन रजिस्ट्रेशन नम्बर- यूके 06 बीएफ 6639

आपराधिक इतिहासः-

1.आबिद के विरूद्ध गाजियाबाद मे 08 अभियोग पंजीकृत है।
2.सैफ अली के विरूद्ध गाजियाबाद मे 04 अभियोग पंजीकृत है।
3.खालिक के विरूद्ध गाजियाबाद मे 05 अभियोग पंजीकृत है।
4.फुरकान के विरूद्ध गाजियाबाद मे 05 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा विधुत ट्रांसफार्मर व बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह के 05 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में ट्रांसफार्मर की क्वाइल,तेल व एल्यूमिनियम का तार बरामद

दिनाँक-22-23/09/2023 को क्राईम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के द्वारा गाजियाबाद व आसपास के जिलो में बिजली के ट्रांसफार्मर व एल्यूमिनियम के तारो की चोरी करने व बेचने वाले 05 शातिर चोरो को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से बिजली के चोरी किये हुए कई बंडल एल्यूमिनियम का तार, तांबे की पालिश हुए एल्यूमिनियम की तार की ट्रांसफार्मर क्वाइले, एल्यूमिनियम की एल0टी0 राडे, पेंच व क्लिपे आदि बिजली के सामान व ट्रांसफार्मर में इस्तेमाल होने वाला तेल बरामद हुआ।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ पर अभियुक्त जाहिद ने बताया कि मैं पढा लिखा नही हूं और मजदूरी का काम करता हूं मजदूरी के साथ-साथ मैं पिछले काफी समय से रोहिल, सरफराज, आरिफ व इमदाद के साथ मिलकर गाजियाबाद व आसपास के जिलो में बिजली के ट्रांसफार्मरों व बिजली के तारो की चोरी करते आये है हम लोग रात्रि के समय रावली रोड, निवाडी, कल्छीना, कन्नौजा फरीद नगर आदि के सुनसान इलाको व फैक्ट्रियों के बाहर लगे ट्रांसफार्मरो को खोलकर उनके भीतर से तांबो, एल्यूमिनियम व तेल आदि मंहगी वस्तुये चोरी कर लेते है तथा उन्हे अपने साथी आसमोहम्मद उर्फ सोनू के माध्यम से बेचकर अपने परिवार के खर्चे व अपने शौकों को पूरा करने में उस पैसे का प्रयोग करते है। ट्रांसफार्मर खोलते समय एक बार मैं जल जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था किन्तु पैसो के लालच के कारण चोरी का यह काम छोड नही पाया।

अभियुक्त काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं, अभियुक्तो द्वारा गाजियाबाद व आसपास के क्षेत्रो में बिजली के ट्रांसफार्मरो व बिजली के तार की चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया गया है। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर उक्त चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वालों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. जाहिद पुत्र जफरू उर्फ शाब्बीर निवासी अर्थला पीर के पीछे थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 50 वर्ष
2. रोहिल पुत्र औसाफ मूल निवासी ग्राम अनुप पुर डिवाई थाना सिम्भावली जनपद हापुड हाल निवासी मकान न0 498 गली न0 05 हिन्डन बिहार थाना नन्दग्राम गाजियाबाद उम्र करीब 32 वर्ष
3. सरफराज पुत्र यासीन निवासी उमर मस्जिद के पास खेडा केला देहात थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष

4. आरिफ उर्फ शेरू पुत्र अकबर मूल निवासी संजय कालोनी जी.डी.ए. फ्लैट थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद हाल निवासी किराये पर ग्राम पसौंडा थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष
5. इमदाद उर्फ मन्नू पुत्र अलताफ निवासी मकान न0 1858 गली न0 इस्लाम नगर कैला भटठा थाना कोतवाली जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 42 वर्ष

बरामदगी:-

1. **एल्यूमिनियम का तार 04 बंडल**
2. **तांबे की पालिश हुए एल्यूमिनियम की तार की ट्रांसफार्मर क्वाइल 09 अदद**
3. **एल्यूमिनियम की एल0टी0 राड 14 अदद**
4. **एल0टी0 राड पेंच 12**
5. **एल0टी0राड क्लिप 12**
6. **20 ली0 ट्रांसफार्मर का तेल भरी कैन**
7. **ट्रांसफार्मर व तार चोरी में प्रयोग होने वाले सब्बल,पाईपरिंच व तार कटर आदि उपकरण**
8. **छोटा हाथी रजि0न0- DL1LAB5949**
9. **01 तमंचा .315 बोर मय 01 कारतूस .315 बोर नाजायज**
10. **02 चाकू नाजायज**

आपराधिक इतिहासः-

1.अभियुक्त जाहिद के विरूद्व गाजियाबाद के 27 व मेरठ के 03 मुकदमें
2.अभियुक्त रोहिल के विरूद्व गाजियाबाद का 27, जनपद मेरठ के 03 मुकदमें
3. अभियुक्त सरफराज के विरूद्व मेरठ 02 व गाजियाबाद में 25 मुकदमें
4. अभियुक्त आरिफ उर्फ शेरू के विरूद्व जनपद गाजियाबाद का 25
5. अभियुक्त इमदाद उर्फ मन्नू के विरूद्ध जनपद गाजियाबाद के 66 मुकदमें चोरी व बरामदगी की धाराओ में पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1200 नशीली गोलियाँ बरामद

थाना साहिबाबाद टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 23.09.2023 मदर डेयरी से अग्रवाल स्वीस्ट की तरफ 40-50 कदम की दूरी से 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है | जिसके कब्जे से 1200 एल्प्राजोलम गोलिया नशीली गोलियाँ बरामद हुई है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त सुनील कुमार ने बताया कि मैं ये नशीली गोलियाँ सस्ते दामों में लाकर राह चलते व्यक्तियों को उचित दामों में बेच देता हूँ। और मैं नशे का आदी हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

सुनील कुमार श्रेस्ट पुत्र बीर बहादुर श्रेस्ट निवासी महाराजा अग्रसेन गेट के अंडर शाहदरा थाना ज्योति नगर दिल्ली उम्र 23 वर्ष

बरामदगी का विवरण

1200 नशीली गोलियाँ एल्प्रोजलम

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

साहिबाबाद पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा गौकशी करने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 22.08.23 को वादी सुमित कुमार पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी रईसपुर ने थाना मधुबन बापूधाम पर अज्ञात अभियुक्तगणो द्वारा गौकशी करने के संबंध में सूचना दी । इस संबंध मे थाना मधुबन बापूधाम पर तत्काल सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था । उक्त अभियोग के संदर्भ में 04 अभियुक्तगणो को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है ।

कार्यवाही का विवरण-

दिनांक 23.09.23 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना के आधार पर गौकशी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया है व अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता अभियुक्त –

1.आदिल उर्फ पीतल पुत्र बहाव निवासी नाहल थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद ।
2.बिलाल पुत्र मोबीन उर्फ मिटठू निवासी म0न0 675 करीम कालौनी पिपलैडा थाना धौलाना जनपद हापुड ।

अभियुक्तगणो का आपराधिक इतिहास

1.अभियुक्त आदिल उर्फ पीतल के विरुद्ध थाना मसूरी पर 02 मुकदमें गैंगेस्टर अधि0, 01 मुकदमा हत्या का, 03 मुकदमें गोवध निवारण अधिनियम, 02 मुकदमे आयुद्ध अधि0, 01 मुकदमा गुण्डागर्दी अधि0, 01 मुकदमा चोरी का तथा थाना मधुबन बापूधाम पर 01 मुकदमा गोवध निवारण अधि0 का कुल 11 मुकदमें पंजीकृत है।

2.अभियुक्त बिलाल के विरुद्ध थाना मधुबन बापूधाम पर गौकशी का 01 मुकदमा पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम।